वृक्षारोपण हम सबकी सामाजिक जिम्मेदारी : नितिन दुराफे

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सी.एस.आर. के द्वारा निकटवर्ती गाँवों में लगभग एक हजार फलदार व छायादार पौधों का वितरण किया गया। जिसमें राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भैंसलाना, महात्मा गाँधी राजकीय विधालय गोरधनपुरा, महात्मा गाँधी राजकीय विधालय मोहनपुरा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जोधपुरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रघुनाथपुरा व राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण विभाग आदि को पौधों का वितरण किया गया। सी.एस.आर मैनेजर राजेंद्र कुशवाहा ने बताया कि इस वर्ष अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड द्वारा कुल 50 हजार पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें 5 हजार पौधों का वितरण सी.एस.आर. के माध्यम से किया जा रहा है। यूनिट हैड नितिन दुराफे ने कहा कि वृक्षारोपण हम सबकी सामाजिक जिम्मेदारी है। अधिक से अधिक पेड़ लगाकर हमें वातावरण को हरा भरा बनाना चाहिये। ताकि हम आने वाली पीढ़ी के लिए एक स्वस्थ्य व सुरक्षित वातावरण तैयार कर सकें।

सेवा दल आज निकालेगा भारत न्याय तिरंगा यात्रा

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत के निदेर्शानुसार क्रांन्ति दिवस पर शुक्रवार को सेवा दल भारत न्याय तिरंगा यात्रा निकालेगा। जिला कांग्रेस सेवा दल कोटपूतली-बहरोड़ द्वारा शहीदों की याद में तिरंगा न्याय यात्रा का आयोजन किया जायेगा। सेवादल के जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव के नेतृत्व में शहीदों को श्रद्धांजलि दी जायेगी। वहीं मोरीजावाला धर्मशाला से पंचायत समिति तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें जिला सेवा दल के प्रभारी कविकुल शर्मा, जयपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष गोपाल मीणा, जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, कांग्रेस पार्टी के सभी संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। जिसको लेकर गुरूवार को जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव की अध्यक्षता में कार्यकताओं की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान संजीव गर्ग, अमरसिंह सैनी, रामावतार यादव, मुकेश वर्मा, रामकुमार, गंगाधर, कांति यादव, राजेन्द्र धानका, पवन स्वामी, मालाराम, सुरेश यादव कामलोडिया, महेश यादव, गगन, महेश आर्य, अमरसिंह आर्य, हवाई मास्टर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

फूटा जोहड़ा बालाजी मंदिर परिसर में किया पौधरोपण

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। धरती माँ के श्रृंगार के लिये पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किये गये एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत हरियाली तीज के अवसर पर मनरेगा महिलाओं द्वारा ग्राम पंचायत बासदयाल स्थित फूटा जोहड़ा के श्री बालाजी मंदिर परिसर में विभिन्न किस्म के 150 पौधे लगाये गये। साथ ही ग्राम पंचायत भवन, पुलिस थाना परिसर में भी पौधारोपण किया गया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि सुरेश कसाना, विकास अधिकारी मनीष कुमार, शर्मिला तंवर, समाजसेवी नवीन धानका, रामस्वरूप रावत, डॉ. कमल गुर्जर, राजवीर व जगदीश योगी समेत अन्य मौजूद थे।

श्रेणीवार रिक्त रहे स्थानों के लिये ऑनलाईन आवेदन की अन्तिम तिथि 16 अगस्त

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय में श्रेणीवार रिक्त रहे स्थानों के लिये ऑनलाईन आवेदन की अन्तिम तिथि 16 अगस्त की गई है। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. मधु नागर ने बताया कि स्नातक पार्ट प्रथम में श्रेणीवार रिक्त रहे स्थानों के लिये ऑनलाईन आवेदन पत्र सम्बंधित श्रेणी के विधार्थियों से गुरूवार 08 अगस्त से आमंत्रित किये गये। नोडल अधिकारी देशराज यादव ने बताया कि श्रेणीवार रिक्त रहे स्थानों की सूचना महाविधालय के सूचना पट्ट से प्राप्त की जा सकती है। रिक्त रहे स्थानों के लिये प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 20 अगस्त को किया जायेगा। रिक्त रहे स्थानों के लिये जारी सूची के विधार्थियों द्वारा दस्तावेज सत्यापन करवाने एवं ई-मित्र पर फिस जमा करवाने की अन्तिम तिथि 24 अगस्त है एवं प्रवेशित विधार्थियों की सूची का प्रकाशन 27 अगस्त को किया जायेगा।

सिलिकोसिस जांच शिविर आयोजित, 97 कर्मचारियों की जांच

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग व अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के कोटपूतली सीमेंट वर्क्स यूनिट के हैल्थ केयर सैंटर में सिलिकोसिस जांच शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें कुल 97 कर्मचारियों की जाँच की गई। राजकीय बी.डी.एम. जिला चिकित्सालय की टीम ने शिविर में अपनी सेवायें दीं। इस दौरान डॉ. विनय वर्मा, डॉ. रेणू वर्मा, डॉ. महिपाल शर्मा ने शिविर का निरीक्षण कर उचित मार्गदर्शन तथा खान में कार्यरत कर्मचारियों को सिलिकोसिस से होने वाली दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। कर्मचारियों को सेफ्टी हेलमेट, डस्क मास्क आदि पहनकर कार्य करने की सलाह दी गई। शिविर में डॉ. देवेंद्र शर्मा, नर्सिंग स्टॉफ मुकेश, एएनएम सविता गुर्जर, रमेश यादव, सीएचओ किरण, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड से राजेंद्र कुशवाहा, हेमन्त श्रीवास्तव, संदीप सुरेवा, अशोक कुमार सुरेलिया, विजय यादव ने शिविर में अपना योगदान दिया।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत घर-घर फहराये तिरंगें

- जिला कलेक्टर ने अधिकारियों की ली बैठक
- वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तर तक दिये निर्देश

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में उत्सव का माहौल बने और गर्व की भावना का संचार हो, इसके लिए 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के आयोजन के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किये। गुरूवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने पंचायत समिति के डीओआईटी वीसी कक्ष में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देश दिये कि अभियान के तहत जिले भर में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़ एवं मैराथन, तिरंगा कॉन्सर्ट्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्लेज, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा ट्रिब्यूट एवं तिरंगा मेलों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को अभियान की तैयारियों की नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिले से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने तिरंगा रैली में बाईक, कार एवं साईकिल के साथ ही ग्रामीण स्थानों पर ट्रैक्टर शामिल करने तथा कार्यक्रमों की सम्पूर्ण व्यवस्था मौसम को ध्यान में रखकर करने के निर्देश दिये। साथ ही कार्यक्रमों में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने तथा सोशियल मीडिया पर तिरंगा सेल्फी के लिए भी आमजन और युवाओं को जागरूक करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अभियान से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिए वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देशित किया। अभियान के सफल आयोजन के लिए उन्होंने नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए विभागवार दायित्व निर्धारित करने तथा जिला एवं ब्लॉक पर संपादित होने वाली गतिविधियों की विस्तृत कार्ययोजना बनाकर कार्य संपादन के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम योगेश कुमार डागुर सहित अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

डी व्रमिंग डे के लिए बीसीएमओ को दी ट्रेनिंग

- 10 अगस्त को जिले में 19 वर्ष तक के बच्चों को दी जाएगी गोली

झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)। कृमि के कारण बच्चों को होने वाली बीमारियों जैसे खून की कमी, कमजोरी को दूर करने के लिए 10 अगस्त को कृमि नाशक दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए गुरुवार को सीएमएचओ सभागार में बीसीएमओ सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर ओरिएंटेशन किया गया। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कार्ययोजना समझाई। आरसीएचओ डॉ. दयानंद सिंह ने अभियान में आने वाली चुनौतियों व उनसे निपटने के बारे में जानकारी देते हुए कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन करने को कहा। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने बताया कि 10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों, मदरसों और कॉलेजों आदि में 1 से 19 साल तक पढने वाले बच्चों को एल्बेंडाजॉल की गोली दी जाएगी। डॉ. डांगी ने बताया कि बच्चों में पेट के कीड़ों से कई तरह की बीमारियां हो जाती हैं। जिससे बच्चे शारीरिक रूप से खासे प्रभावित होते हैं। वहीं मानसिक रूप से भी पीड़ित हो जाते हैं। बच्चों में कृमि संक्रमण से उनमें खून की कमी, भूख नहीं लगना, बैचेनी, पेट में दर्द, उल्टी व दस्त और मल में खून आना जैसी अनेक समस्याएं पैदा हो जाती हैं। 10 अगस्त को दवा से वंचित बच्चों को 17 अगस्त को मॉपअप दिवस पर यह दवा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि चिकित्सा विभाग के साथ-साथ इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन के नेतृत्व में शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग का भी सहयोग रहेगा।

नशा मुक्त अभियान के तहत शपथ का आयोजन 12 अगस्त को

कोटपूतली। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल के निदेर्शानुसार देश भर में मादक द्रव्यों के सेवन जैसी गंभीर समस्या से निपटने के लिये सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान का संचालन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के लांच होने के 5 वर्ष में प्रवेश होने के उपलक्ष्य में सोमवार 12 अगस्त को शपथ समारोह एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।



डिफेंस स्कूल की चार छात्राओं का इंदिरा प्रियदर्शनी पुरस्कार के लिए चयन

झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)। जिला मुख्यालय पर स्थित डिफेंस पब्लिक सीसै स्कूल की चार छात्राओं का इंदिरा प्रियदर्शनी पुरस्कार 2024-25 के लिए चयन हुआ है।

संस्था निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि नसीबा खानम पुत्री शब्बीर अली खान (अल्पसंख्यक वर्ग), पूर्वी पुत्री ईश्वरसिंह (विशेष पिछड़ा वर्ग), खुशी गुर्जर पुत्री मुकेश गुर्जर (विशेष पिछड़ा वर्ग), पलक पुत्र रामनारायण (बीपीएल वर्ग) का माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से प्रदत्त इंदिरा प्रियदर्शनी पुरस्कार के लिए चयन हुआ है। यह पुरस्कार प्रत्येक जिले में 8वीं, 10वीं, 12वीं, बोर्ड परीक्षा में (विभिन्न श्रेणियों), टॉप करने वाली छात्राओं को प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार के तहत एक लाख रूपए नगद तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। संस्था चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने छात्राओं व उनके अभिभावकों को बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही बताया कि छात्राओं द्वारा इस तरह के पुरस्कार के लिए चयन होना विद्यालय परिवार व समाज के लिए गर्व की बात है। विद्यालय लगातार बोर्ड परीक्षाओं में जिले व राज्य स्तर पर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। प्रधानाचार्य रामसिंह रोहिला व महेंद्र सैनी ने भी छात्राओं के चयन पर खुशी व्यक्त की। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अनिल कुमार सैनी, रूपेश जोशी, खालिद टांक, राकेश रेपस्वाल, शीशराम जाखल, ओमप्रकाश, राकेश बेनीवल, दिलीपसिंह, अनिल, बाबूलाल सैनी, मुकेश सैनी, कैलाश, बबिता, पुष्पा, प्रमिला, सारिका, ममता, मुकेश सैनी, सुरेंद्रसिंह शेखावत, देवीदत्त, ममता रानी व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

द बोहराज ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर विनय बोहरा ने मनाया जन्मदिन

मेंहदीपुर बालाजी (सीमा सन्देश सं)। बुधवार को महुआ उपखंड मुख्यालय के रामगढ़ रोड स्थित द बोहराज ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर विनय बोहरा ने अपना जन्मदिन मथुरा एसएसपी सीनियर आईपीएस शैलेश पांडेय,व मथुरा नगर निगम नगर आयुक्त सीनियर आईएएस शशांक चौधरी के साथ धूमधाम से मनाया।

इस दौरान मथुरा एस एसपी शैलेश पांडे व मथुरा वृंदावन नगर निगम आयुक्त शशांक चौधरी का भव्य स्वागत सत्कार करते हुए श्री मेंहदीपुर बालाजी जी फोटो प्रसाद से डायरेक्टर विनय बोहरा विद्यालय संरक्षक गोपुत्र अवधेश अवस्थी मोहन जी द्वारा किया गया। डायरेक्टर विनय बोहरा ने बताया कि इस शुभ अवसर पर निदेशक विनय बोहरा जी का जन्म उत्सव बहुत ही धूम धाम से मथुरा एसएसपी शैलेश पांडे ,मथुरा नगर आयुक्त सांसद चौधरी आदरणीयो ने मथुरा आने पर अपने घर ऑफिस में मनाया उसके लिए दोनों अधिकारियों का बहुत बहुत आभार जताते हुए विनय बोहरा ने श्री राधे रानी की कृपा से बरसाना दर्शन , गिरिराज धरण के दर्शन ,हरियाली तीज पर वृंदावन बाके बिहारी जी के दर्शन कर महाराज प्रेमानंद जी के एकांति वार्ता में दर्शन कर बालाजी महाराज की प्रतिमा और राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित आपके फोटो भेट करने पर राष्ट्रीय संत प्रेमानंद जी महाराज द्वारा डायरेक्टर विनय बोहरा को जन्मदिन की बधाई देते हुए प्रेमानंद महाराज जी द्वारा प्रशाद और दुपट्टा से स्वागत करते हुए महाराज जी द्वारा आशीर्वाद देते हुए दीघार्यु कामना की आप प्रिय शिष्य है मेरे इस दौरान प्रेमानंदमहाराज द्वारा डायरेक्टर विनय बोहरा को कहा की आपका विद्यालय दिनों दिन प्रगति करे महाराज प्रेमानंद जी द्वारा कहे गये कृपा रूपी शब्द आपका का पाथ नेक है तभी आपको महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्वारा सम्मान मिला इस अवसर पर डायरेक्टर विनय बोहरा ने अपने सभी मित्रों प्रिय जनों को उनके जन्मदिन पर बधाई देने पर सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा की आप सभी द्वारा मेरे जन्मदिन पर बधाई ने मेरा जन्मोत्सव अविस्मरणीय बना जो मेरे जीवन की यादगार रहेगा।

राजकीय महाविद्यालय बाड़ी में गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन

बाड़ी (सीमा सन्देश सं)। राजकीय महाविद्यालय बाड़ी में गुरु बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मां शारदे के सम्मुख द्वीप प्रजल्वित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि डॉक्टर पी एस तिवारी जिला अध्यक्ष एबीवीपी धौलपुर, ओम प्रकाश शर्मा प्रांत प्रमुख जयपुर ,अभिनव सिंह एबीवीपी जयपुर एवं प्राचार्य डॉक्टर एम के सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर पीएस तिवारी द्वारा महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को गुरु शिष्य परंपरा सम्मान व गुरुओं के आशीर्वाद स्वरुप वचनों का जीवन में महत्व समझाया। अभिनव सिंह ने बताया कि आधुनिक समय में गुरुओं का शिष्यों के मध्य पहले जैसी सद्भावना में कमी आई है। भारत प्राचीन काल से धार्मिक मान्यताओं गुरु शिष्य परंपरा का धनी रहा है। साथ ही ओमप्रकाश द्वारा महाविद्यालय छात्रों को अपने जीवन में सद्गुणों का अपनाना चाहिए माता-पिता बड़े बुजुर्गों व गुरुओ का सम्मान करना चाहिए।

जोराराम कुमावत ने किया डेयरी और स्वीट एक्सपो के पोस्टर का अनावरण

जयपुर (सीमा सन्देश सं)। पशुपालन, गोपालन, मत्स्य एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने इसी साल नवम्बर माह में जयपुर में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के डेयरी और स्वीट एक्सपो के पोस्टर का विमोचन किया। डेयरी और स्वीट एक्सपो का आयोजन इण्डियन डेयरी ऐसोसियेशन के राजस्थान चैप्टर और इण्डिया एक्सपो मार्ट के संयुक्त आयोजन में सीतापुरा स्थित जेईसीसी कंवेक्शन सेन्टर में किया जायेगा। पोस्टर अनावरण के अवसर पर इण्डियन डेयरी ऐसोसियेशन राजस्थान चैप्टर के चैयरमेन करुण चण्डालिया, सचिव प्रीतेश जोशी, कोषाध्यक्ष गोविन्द गुप्ता, प्रमुख उधमी शिवराज सिंह बीठिया और इण्डिया एक्सपो मार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ महाप्रबन्धक सम्बित कुमार मुण्ड भी उपस्थित थे। एक्सपो में देशभर से डेयरी और स्वीट मैन्यूफैक्चरिंग यूनिटस और मशीनरी के निमार्ता, विशेषज्ञ आदि भाग लेंगे। एक्सपो में डेयरी और स्वीट मैन्यूफैक्चरिंग इण्डस्ट्री में उपयोग में लायी जाने वाली अत्याधुनिक एवं नवीनतम तकनीक का प्रदर्शन भी किया जावेगा। एक्सपो में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना वाईब्रेंट राजस्थान की तर्ज पर राज्य में डेयरी और स्वीट उद्योग से जुड़े प्रतिष्ठित ब्राण्डस, मैन्यूफैक्चर्स, मशीनरी उत्पादक एवं विषय विशेषज्ञ भाग लेंगे। कुमावत ने डेयरी और स्वीट एक्सपो की सफलता की शुभकामनाऐं देते हुए आशा व्यक्त की कि डेयरी और स्वीट एक्सपो राजस्थान के इन दोनों परम्परागत उद्योगों के विकास को नई दिशा देगा।

अच्छा सिला दिया.... आरएसएस के सहयोगी छात्र संगठन एबीवीपी के विभाग प्रमुख भी है प्रमेंद्र कुलहार

जिस शिकायत की जांच में चार महीने पहले प्रमेंद्र कुलहार को क्लीन चिट मिली, उसी मामले में उन्हें अब एपीओ किया

झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)। प्रदेश में भाजपा की सरकार है। ऐसे हालातों में भी एबीवीपी जैसे संगठन के पदाधिकारी पर बिना कोई दोष के शिक्षा विभाग ने कार्रवाई कर डाली। हालांकि एबीवीपी को सीधे तौर पर भाजपा से कोई संबंध नहीं है। लेकिन दोनों एक जैसी विचारधारा को मानते हुए चलते है। बावजूद इसके एबीवीपी के झुंझुनूं विभाग प्रमुख और डाइट व्याख्याता प्रमेंद्र कुलहार को एक पुरानी शिकायत पर शिक्षा विभाग के निदेशक ने एपीओ कर दिया। इस शिकायत को निपटे हुए भी चार महीने का वक्त हो गया।

चार महीने पहले शिक्षा विभाग के आदेश पर संयुक्त निदेशक चूरू ने तीन डीईओ स्तर के अधिकारियों की एक कमेटी बनाकर शिकायत की जांच करवाई थी। जिसमें सभी आरोप झूठे निकले। फिर भी प्रमेंद्र कुलहार पर कार्रवाई किए जाने के बाद हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक मुकुंदगढ़ स्कूल की प्रिंसिपल मिनाक्षी तंवर ने प्रमेंद्र कुलहार पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। जिसके बाद शिक्षा विभाग भी हरकत में आया। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के राज्य परियोजना निदेशक के निर्देश पर चूरू संभाग की संयुक्त निदेशक ने शिकायतों की बिंदूवार जांच की। जिसमें सिंघाना, पाटन और नवलगढ़ सीबीईओ–एसीबीईओ की जांच कमेटी बनाई गई। जिसमें तत्थ्यात्मक जांच में सामने आया कि प्रमेंद्र कुलहार पर मिनाक्षी तंवर द्वारा लाए गए दुराचार और दुव्यर्वहार के आरोप झूठे और निराधार है। इस विस्तृत जांच रिपोर्ट में मिनाक्षी तंवर को लेकर झूठी शिकायत आदि का हवाला देते हुए टिप्पणी की गई है। यह जांच रिपोर्ट दो अप्रेल को, यानि कि चार महीने पहले ही भेज दी गई थी। जिसके बाद अब अचानक पांच अगस्त को प्रमेंद्र कुलहार विद्यालय निरीक्षण में विजिट रजिस्टर में गलत टिप्पणी एवं विद्यालय स्टाफ से अशोभनीय व्यवहार किए जाने की शिकायत पर एपीओ करने के आदेश जारी हो गए। जिससे शिक्षा विभाग पर ही सवाल खड़े हो गए है। क्योंकि एक तरफ चार महीने पहले प्रमेंद्र कुलहार को शिक्षा विभाग ही क्लीन चिट देता है। तो दूसरी तरफ अचानक एपीओ कर दिया जाता है। संयुक्त निदेशक की सात बिंदू वाली जांच रिपोर्ट में मिनाक्षी तंवर द्वारा मामले की शिकायत विभागीय अधिकारियों की बजाय अन्य अधिकारियों को कर विभाग के अधिकारियों के प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने और विद्यालय के राजकीय अभिलेख बिना किसी सक्षम स्तर की स्वीकृति के बाहर के व्यक्तियों को उपलब्ध करवाने को भी आचरण नियमों का उल्लंघन माना है। इस मामले में हमने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अलावा मिनाक्षी तंवर से भी बातचीत कर उनका पक्ष जानने की कोशिश की। लेकिन हमारा संपर्क नहीं हो पाया। इधर, चर्चा है कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के नेतृत्व में शिक्षा विभाग में निर्दोष डाइट व्याख्याता प्रमेंद्र कुलहार पर कार्यवाही किया जाना। एक राजनैतिक षड़यंत्र है।

इनका कहना है

मुझे मामले का मौखिक रूप से याद नहीं है। ना ही मेरी जानकारी में है। सेक्रेट्री ने डायरेक्ट किया होगा। गलतफहमी रही होगी। किसी ने शिकायत की होगी। देखेंगे। यदि व्याख्याता की गलती नहीं है तो रिमूव करेंगे।

– मदन दिलावर, शिक्षा मंत्री, राजस्थान

बजट में धौलपुर के लिए विशेष प्रावधान : बेढम

धौलपुर (सीमा सन्देश सं)। राज्य मंत्री गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री श्री जवाहर सिहं बेढ़म ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की महती आवश्यकता है।

इसी के चलते केंद्र एवं राज्य सरकार ने बड़े पैमाने पर पौधारोपण महाभियान शुरू किया है। प्रभारी मंत्री श्री बेढम ने गुरुवार को सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम महाभियान सम्पूर्ण देश में शुरू किया है जिसके चलते अपनी मां के नाम पर लोग बड़े पैमाने पर पौधे रोपकर अभियान में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। इसके साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने भी हरियालो राजस्थान अभियान का आगाज मरुधरा में किया है। इस अभियान के तहत राजस्थान में 7 करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है जिससे मरुधरा हरी भरी हो सकेगी। श्री बेढ़म ने बताया कि प्रदेश सरकार ने बजट में जिले के हितों का पूरी तरह से ध्यान रखा गया है। जिले में शिक्षा, सड़क, पेयजल तथा अन्य जन उपयोगी मदों में बजट का प्रावधान किया गया है।

नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में महा रूद्र अंकित है। अब मैं मेरे पुत्र का नाम महा रूद्र की बजाय मुकुन्द माधव (MUKUND MADHAV) करवाना चाहता हूं। भविष्य में मेरे पुत्र को सिर्फ मुकुन्द माधव (MUKUND MADHAV) के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

साईमन पुत्र रामजीलाल कुमावत जाति कुमावत निवासी सदर थाने के पास, सीकर रोड, झुंझुनूं, तहसील व जिला झुंझुनूं

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट –4–क
अचल सम्पत्ति(यों) की ई–नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालय : – 9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली –110001 फोन : – 011–23357171, 23357172, 23705414, **वेबसाइट : www.pnbhousing.com**
भिवाड़ी शाखा:– पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ए–10, प्रथम तल, भगत सिंह कॉलोनी, अलवर बायपास, भिवाड़ी–301019, राजस्थान

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर–डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यां), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनैंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल)/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर–सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार **"जैसी है जहां है", "जैसी है जो है"** तथा **"जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएगी। एतदद्वारा कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः **www.pnbhousing.com** में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

ऋण संख्या, कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम गारंटर(s) (ए)	मांग सूचना मांग की राशि और तारीख (बी)	कब्जा का प्रकार (सी)	बंधक रखी सम्पत्तिओं का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि राशि (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/न्यायालय मामला, यदि कोई, (के)
HOU/BHI/0317/360779, बी.ओ.: भिवाड़ी, विवेक कुमार पांडे, प्रतिभा पांडे	14.11.2019 तक रु. 888998.06	भौतिक कब्जा	असर एफ–71, प्रथम, एफ–71, शुभाश्रय, खसरा संख्या, 1602, 162/2171, 1607, 1608,1631 2356/1596, 2355/1595, 1599, अलवर, गांव इशरोदा तिजारा जिला, अलवर, राजस्थान–301019, भारत माप 485 वर्ग फीट	रु. 621000	रु. 62100	23.08.2024	रु. 10,000	12.08.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 05:30 बजे	24.08.2024 पूर्वा. 12.30 बजे से अप. 02:30 बजे	अज्ञात
HOU/BHI/0117/346432, बी.ओ.: भिवाड़ी, दिनेश सिंह जादौन, रजनी बाला शर्मा	18.04.2022 तक रु. 3060530.13	भौतिक कब्जा	विला नंबर 395, ओमएचवी/395, ओमेक्स ग्रीन मीडोज सिटी (पहले ओमेक्स सिटी 2), गांव खजूरीबास, तहसील तिजारा, जिला अलवर, अलवर, राजस्थान–301019, भारत, माप 1350 वर्ग। फुट	रु. 2627000	रु. 262700	23.08.2024	रु. 10,000	12.08.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 05:30 बजे	24.08.2024 पूर्वा. 12.30 बजे से अप. 02:30 बजे	अज्ञात

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। ''पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार/दावे नहीं हैं, सिवाय उनके जो कालम नंबर–के में वर्णित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान/अदायगी सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारा की जाएगी। सफल क्रेता(ओं)/बोलीदाताओं से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतंत्र रूप से करने का अनुरोध किया जाता है।

1. आज की तिथि तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उपरोक्त अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरण तथा/अथवा निपटान के संबंध में कोई प्रतिबंध आदेश तथा/अथवा न्यायालय निषेधादेश लागू नहीं है।
2. संभावित क्रेता/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां कालम नंबर–के में वर्णित, कार्यवाही/पारित आदेश इत्यादि, यदि कोई, में बहस, जिसमें पीएन